दिन– सोमवार दिनांक– 01/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची पर दावा और आपत्ति का आज अंतिम दिन। दो लाख से अधिक मतदाताओं ने नाम हटाने के लिए दिया आवेदन।

02. वोटर अधिकार यात्रा का आज पटना में होगा समापन। राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव समेत महागठबंधन के कई प्रमुख नेता होंगे मार्च में शामिल।

03. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन सितम्बर को नई दिल्ली में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी नेताओं के साथ करेंगे बैठक।

04. और, भारतीय टीम जापान को हराकर एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप के सुपर–चार में पहुंची। आज भारत का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा।

---

निर्वाचन आयोग की ओर से प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची पर दावा और आपत्ति दर्ज कराने का आज अंतिम दिन है। आज सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ मौजूद रहेंगे। इस दौरान वे दावा–आपत्ति, नये नाम जोड़ने समेत अन्य कार्यों में लोगों की मदद करेंगे। इधर, आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक **दो लाख चालीस हजार आठ सौ इक्यानवें** मतदाताओं ने प्रारूप सूची पर दावा–आपत्ति दर्ज करवाई है। वहीं, राजनीतिक दलों में भाकपा–माले की ओर से **एक सौ अठारह** दावा–आपत्ति दर्ज करवाई गयी है, जबकि राजद की ओर से **दस** दावा–आपत्ति दर्ज कराई गयी है। आयोग के अनुसार अब तक **दो लाख सात हजार पांच सौ पैंसठ** लोगों ने अपने नाम प्रारूप सूची से हटाने के लिए आवेदन किये हैं, जबकि **तैंतीस हजार तीन सौ छब्बीस** मतदाताओं ने अपने नाम शामिल किये जाने को लेकर दावा पेश किया है। विज्ञप्ति के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए **पन्द्रह लाख बत्तीस हजार चार सौ अड़तीस** नये आवेदन भी प्राप्त हुये हैं।

---

सुप्रीम कोर्ट में आज मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत दावा–आपत्ति की समय सीमा बढ़ाने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई होगी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत सहित तीन सदस्यीय पीठ ने पूर्व में इस मामले की सुनवाई के दौरान एक सितम्बर की तारीख तय की थी।

---

एसआईआर में कथित गड़बड़ी के खिलाफ महागठबंधन के घटक दलों की ओर से जारी वोटर अधिकार यात्रा का समापन आज पटना में होगा। इस मौके पर महागठबंधन की ओर से वोटर अधिकार मार्च का आयोजन किया जा रहा है। इसका नेतृत्व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी करेंगे। आज के मार्च में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत गठबंधन के विभिन्न दलों के नेता शामिल होंगे।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर तीन सितम्बर को पार्टी नेताओं के साथ नई दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इसमें सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारा, उम्मीदवारों का चयन और चुनाव की रणनीति को लेकर चर्चा होगी। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, बिहार प्रभारी बिनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई केंद्रीय मंत्री और प्रमुख शामिल होंगे।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने यानी वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि त्योहारी मौसम में, देशवासियों को स्वदेशी की बात भूलनी नहीं है।

———बाइट———

आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी। इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है। उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो, और भी ऐसा बहुत कुछ। एक ही मंत्र 'वोकल फॉर लोकल', एक ही रास्ता 'आत्मनिर्भर भारत', एक ही लक्ष्य 'विकसित भारत'।

श्री मोदी ने मुजफ्फरपुर की देवकी जी का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत और दूरदर्शिता से यह साबित कर दिखाया है कि सौर ऊर्जा केवल बिजली का साधन नहीं बल्कि किसानों की आमदनी बढ़ाने वाली एक नई शक्ति भी है।

———बाइट———

मुज़फ्फरपुर के रतनपुरा गांव की रहने वाली देवकी जी को लोग अब प्यार से "सोलर दीदी" कहते हैं। उनका जीवन आसान नहीं था, लेकिन उनका हौंसला कभी टूटा नहीं। वो एक सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी और वहीं उन्हें सोलर पंप के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने सोलर पंप के लिए प्रयास शुरू किए और उसमें सफल भी रही। सोलर दीदी के सोलर पंप ने इसके बाद जैसे गांव की तस्वीर ही बदल दी। जहां पहले कुछ एकड़ में जमीन की सिंचाई हो पाती थी, अब सोलर दीदी के सोलर पंप से 40 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में पानी पहुँच रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्रह सितंबर को विश्वकर्मा जयंती है। श्री मोदी ने बताया कि यह दिवस उन विश्वकर्मा बंधुओं को समर्पित है जो परंपरागत शिल्प, कौशल और ज्ञान–विज्ञान को अनवरत एक पीढी से दूसरी पीढी तक पहुंचा रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि इनकी मदद के लिए ही सरकार ने विश्वकर्मा योजना चलाई है।

---

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद – जीडीपी की वृद्धि दर सात दशमलव आठ प्रतिशत शानदार है। श्री रिरिजू ने कहा कि इसने साबित किया है कि देश की अर्थव्यवस्था का बेहतर प्रबंधन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा कोई नहीं कर सकता। नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि विश्व के शीर्ष अर्थशास्त्रियों का मानना है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी भारत की अर्थव्यवस्था को सर्वोत्तम ढंग से चला रहे हैं। श्री रिजिजू ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मेक इन इंडिया को बढावा देना होगा और स्वदेशी उत्पाद अपनाने होंगे।

---

विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा है कि शिक्षकों को विकसित बिहार – विकसित भारत बनाने के मिशन में आगे आना चाहिए। श्री सिंह ने औरंगाबाद में आयोजित टीचर्स कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के विकास में शिक्षकों की भूमिका हमेशा से महत्वपूर्ण रही है। सभापति ने कहा कि शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया में तेजी आई है जिससे राज्य में शिक्षा के माहौल में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

---

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने मिथिला को ज्ञान और साधना की ऐसी भूमि बताया है, जिसने अपनी आध्यात्मिक चमक से दुनिया को प्रकाशित किया है। नई दिल्ली में भारत के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में दरभंगा राज के योगदान पर एक संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि गौतम ऋषि द्वारा रचित न्याय दर्शन भी इसी पवित्र भूमि से उत्पन्न हुआ था।

———बाइट———

दुनिया में जब फिलॉसफी की बात चलती है तो पश्चिम की फिलॉसफी से हमारी भारतीय परंपरा में एक बड़ी बात रहती है कि हमारे यहां बड़ी परंपरा जीवन के अंतिम लक्ष्य मोक्ष को प्राप्त करने की है लेकिन जो भारत में न्याय दर्शन गौतम ऋषि ने दिया वह बेसिकली सांसारिक जीवन को जीने का एक बहुत मूलभूत मार्ग दिखाता है।

इस अवसर पर श्री यादव ने इतिहासकार तेजकर झा की पुस्तक **राज दरभंगा– धर्म संरक्षण से लोक कल्याण** का विमोचन भी किया।

———————————————————

प्रदेश के नये मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले, वे विकास आयुक्त और स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव का कार्यभार संभाल रहे थे। श्री अमृत उन्नीस सौ इक्यानवे बैच के आईएएस अधिकारी हैं और उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर अपना योगदान दिया है। इधर, निवर्तमान मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा को विदाई दी गयी।

———————————————————

उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि विभाग चार हजार बालू विक्रेताओं का स्टॉक और बिक्री की जांच करेगा तथा साप्ताहिक मिलान भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे अवैध खनन पर रोक लगेगी। श्री सिन्हा ने कहा कि अवैध खनन और बिक्री करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को लेकर रास्तों को चिन्हित किया गया है और निगरानी की जा रही है।

———————————————————

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाण, झारखंड और पश्चिम बंगाल के विभिन्न मार्गों पर बीस सितम्बर से एसी और डीलक्स बसों का परिचालन करेगा। इन बसों के लिए ऑनलाइन बुकिंग आज से शुरू हो गयी है। विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार, त्योहारों के मौके पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है। निगम ने कहा है कि पटना, भागलपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गयाजी और पूर्णिया से बीस सितम्बर से प्रतिदिन दिल्ली, गाजियाबाद, गोरखपुर, लखनऊ, गुरूग्राम, अंबाला, पानीपत, सिलिगुड़ी और कोलकाता के लिए बसों का परिचालन किया जाएगा।

———————————————————

भारतीय टीम जापान को हराकर एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप के सुपर–चार में पहुंच गई है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की नेतृत्व वाली भारतीय टीम का राजगीर में आज अंतिम लीग मैच में मुकाबला कजाकिस्तान से होगा। यह मैच आज शाम सात बजकर तीस मिनट पर खेला जाएगा। भारतीय टीम ने अब तक खेले गए दोनों मुकाबले जीते हैं और अंक तालिका में छह अंक के साथ भारतीय टीम पहले नंबर पर है। पूल ए में ही तीन अंकों के साथ चीन दूसरे स्थान पर है। वहीं, पूल–ए के एक अन्य मैच में चीन की भिड़ंत जापान से होगी। आज पूल–बी में भी दो मैच खेले जाएंगे। पहले मैच में बांग्लादेश और कोरिया के बीच मुकाबला होगा, जबकि दूसरे मैच में मलेशिया और चीनी ताइपे की टीमों के बीच भिड़ंत होगी।

---

प्रदेश में मॉनसून कमजोर पड़ने से सामान्य तापमान में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटे के दौरान गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है।

———बाइट———

---

प्रदेश में संचालित जीविका से जुड़ी महिलाओं ने रोजगार के नये अध्याय की शुरूआत की है। जीविका दीदी प्रदेश में सत्तर कंपनियां चला रही हैं। जीविका के मुख्य कार्यपालक अधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि खुद की कंपनी चलाने में बिहार की जीविका दीदी देशभर में अव्वल हैं, जबकि दूसरे स्थान पर आन्ध्र प्रदेश की जीविका दीदी हैं। उन्होंने कहा कि शहद, दुग्ध उत्पादन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, शिल्प कला आदि के क्षेत्र में जीविका दीदी अपने कारोबार का विस्तार कर रही हैं।

---

पशुपालन और मत्स्य संसाधन मंत्री रेणू देवी ने कहा है कि इडिया गठबंधन के नेताओं ने प्राधनमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर नारीशक्ति का अपमान किया है। बेतिया में इसकी निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव में जनता इसका जवाब देगी।

---

कटिहार जिले के प्राणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या–इक्यासी पर खुशहालपुर के पास पुलिस ने छह पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।

---

पश्चिम चम्पारण जिला के वाल्मिकी टाईगर रिजर्व के रघिया परिक्षेत्र में एक बाघिन की मौत हो गई है। वीटीआर के क्षेत्र निदेशक नेशामणी ने बताया कि शुरुआती जांच से स्पष्ट होता है कि आपसी संघर्ष में बाघिन की मौत हुई है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने एससीओ की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी. जिनपिंग की मुलाकात पर लिखा है – ड्रैगन–हाथी ने फिर हाथ मिलाया। **दैनिक जागरण** की सुर्खी है – बिहार में सभी मतदाताओं का बनेगा नया वोटर कार्ड। **दैनिक भास्कर** लिखता है – ब्रिटेन और जर्मनी के कॉलेजों में आयुर्वेद पढ़ाया जाएगा। **प्रभात खबर** ने साइबर ठगी पर लिखा है – साइबर ठग गिरोह के सात गिरफ्तार, डिवाइस और दस्तावेज हुए बरामद।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची पर दावा और आपत्ति का आज अंतिम दिन। दो लाख से अधिक मतदाताओं ने नाम हटाने के लिए दिया आवेदन।

02. वोटर अधिकार यात्रा का आज पटना में होगा समापन। राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव समेत महागठबंधन के कई प्रमुख नेता होंगे मार्च में शामिल।

03. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन सितम्बर को नई दिल्ली में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी नेताओं के साथ करेंगे बैठक।

04. और, भारतीय टीम जापान को हराकर एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप के सुपर–चार में पहुंची। आज भारत का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।